महत्वपूर्ण एवं खास

मोबाईल व 15 हजार नगदी चोरी

रायगढ़। मुजफफपुर (बिहार) में रहने वाला अशोक मिश्रा उर्फ धीरज मिश्रा आलोक इस्पात पुंजीपथरा में पिछले एक माह से नौकरी कर रहा है जो लेबर क्वाटर में रहता है। दिनांक 11/02/19 की रात्रि अशोक मिश्रा के सोते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में प्रवेश कर अशोक मिश्रा के जेब से 15,000 रूपये एवं एक सैमसंग मोबाईल चोरी कर ले गया है। चोरी की रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 29/19 धारा 380 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जुआ खेलते जुआरी पकड़ाये

रायगढ़। थाना छाल में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिदार व हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 14.02.2019 को ग्राम कुडेकेला बस स्टैण्ड में दिलीप पाण्डेय नामक व्यक्ति द्वारा सट्टा लिखने की मुखबिर सूचना पर मौके पर जाकर रेड किया गया जिसमें आरोपी दिलीप पाण्डेय पिता स्व राम सुरेश पाण्डेय उम्र 40 वर्ष सा0 बाजारपारा कुडेकेला सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 4 नग सट्टा पर्ची व नगदी 1330 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी दिलीप पाण्डेय के विरूद्ध अप.क्र. 33/19 धारा 4(क) जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री साय का दौरा कार्यक्रम

रायगढ़। केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री विष्णुदेव साय 16 फरवरी को प्रातः 9 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे विकासखण्ड सारंगढ़ के ग्राम-सालर आयेंगे एवं बैठक में शामिल होंगे। मंत्री साय दोपहर 1.30 बजे सालर से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे बरमकेला आयेंगे एवं बैठक शामिल होंगे। मंत्री साय शाम 7 बजे से बरमकेला से प्रस्थान कर शाम 7.30 बजे लोधिया आयेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात वे रात्रि 9 बजे लोधिया से प्रस्थान कर रात्रि 9.30 बजे सारंगढ़ आयेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री साय 17 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे सारंगढ़ में बैठक में शामिल होंगे एवं दोपहर 1 बजे सारंगढ़ से प्रस्थान दोपहर 1.30 बजे पासीद आयेंगे एवं बैठक में शामिल होंगे। मंत्री साय अपरान्ह 3.45 बजे पासीद से प्रस्थान कर शाम 4 बजे छिंद आयेंगे एवं बैठक में शामिल होंगे। मंत्री साय शाम 4.45 बजे छिंद से प्रस्थान शाम 5.15 बजे साल्हे आयेंगे एवं बैठक में शामिल होंगे। मंत्री साय शाम 6 बजे साल्हे से बगिया के लिए प्रस्थान करेंगे।

छ.ग.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य का दौरा कार्यक्रम

रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामजी भारती एवं सदस्य श्रीमती नीरा चौहान तथा बद्रीश सुखदेवे 16 से 18 फरवरी तक रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामजी भारती एवं सदस्य 16 फरवरी को रायपुर से प्रस्थान कर सायं 4.30 बजे रायगढ़ आयेंगे एवं स्थानीय अनुसूचित जाति के जनप्रतिनिधियों, अनुसूचित जाति के अधिकारी एवं कर्मचारियों से भेंट तथा चर्चा करेंगे। वे अगले दिन 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे पुसौर जायेंगे एवं वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य 18 फरवरी को रायगढ़ से मुख्यालय की ओर प्रस्थान करेंगे।

जनरल परेड बाद ली गई क्राईम मीटिंग, परेड पर बलवा ड्रील की दी गई सिखलाई

मीटिंग के पूर्व पुलवामा में शहीद हुए जवानों को मौन धारण कर दी गई श्रद्धांजलि

रायगढ़। क्राईम मीटिंग पर उपस्थित होने वाले जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों एवं बचत बल को जनरल परेड पर उपस्थित होने का निर्देश पूर्व से दिया गया था। जनरल परेड पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात सभी थाना प्रभारियों द्वारा एक-एककर प्लाटूनों को मार्चपास्ट, शस्त्र अभ्यास कराये। परेड पर सीएसपी सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जवानों को विस्तृत रूप से बलावा ड्रील एवं कानून व्यवस्था की ड्यूटी दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों का

अभ्यास कराया गया।

परेड बाद सुबह करीब 11:00 बजे सभी अधिकारीगण पुलिस नियंत्रण कक्ष में क्राईम मीटिंग के लिये उपस्थित हुये। मीटिंग के पूर्व कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुये जवानों को अधिकारी/कर्मचारियों ने 02 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दिये, जिसके बाद मीटिंग की शुरूवात की गई। एसपी सर द्वारा प्रत्येक थाना/ चौकी के कार्यो की समीक्षा कर प्रभारियों को अपराध, मर्ग, शिकायत का शीघ्र निराकरण तथा अवैध शराब, जुआ-सट्टा, कोयला, कबाड पर कार्यवाही बढाने व वारंट की तामिली समय के पूर्व करने के निर्देश दिये।

बैठक में थाना/चौकी प्रभारियों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अपने क्षेत्र के सभी ग्रामों/मोहल्लों में पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ वहां की अवैधानिक गतिविधियों पर निगाह रखते हुये कार्यवाही का निर्देश दिये। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी सर ने प्रभारियों को सभी विभागों से बेहतर तालमेल रखने को कहा गया। बैठक में पुलिस राजपत्रित अधिकारीगण एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

हाउसिंग एंड अर्बन मंत्रालय द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिये नगर निगम हुआ पुरूष्कृत

रायगढ़। हाउसिंग एंड अर्बन मंत्रालय द्वारा पहली बार आयोजित सीटी स्वच्छता लाईवलीहुड अवार्ड जीतने पर नगर निगम को दस लाख का पुरस्कार मिला है। शुक्र वार नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में निगम की तरफ से निगम आयुक्त ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। इसके अलावा स्वच्छता एक्सीलेंस अवार्ड जीतने पर उजाला क्षेत्र स्तरीय को दो लाख का ईनाम दिया गया।

शहर के लोगों के बीच स्वच्छता के लिए जागरूकता फैलाने के साथ महिलाओं को स्वच्छता संबंधी कार्य के साथ दूसरे क्षेत्रों में रोजगार के साधन उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिन पहले ही नगर निगम को केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा सीटी स्वच्छता लाईवलीहुड अवार्ड के लिए चुना गया था। इसके अलावा शहरी आजिविका मिशन के तहत गरीब वर्ग के महिलाओं को स्वच्छता कार्यक्रम में रोजगार की सुविधा देने के साथ जागरूकता फै लाने के लिए लगातार दूसरी बार स्वच्छता एक्सीलेंस अवार्ड जीतनेवाले उजाला क्षेत्र स्तरीय समूह को दो लाख रूपए प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन के मुख्य सचिव दुर्गा प्रसाद मिश्रा ने यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर महिला समूह के लिए स्वच्छता संबंधी इ-लर्निंग कोर्स की भी शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान निगम की तरफ से आयुक्त विनोद पांडेय, अजय वर्मा, राजस्व निरीक्षक प्रदीप मिश्रा, शहरी आजिविका मिशन के रायगढ़ मैनेजर विक्रम राणा मौजूद रहे।

विनम्र श्रद्धांजलि पुलवामा के शहीद जवानों को

रायगढ़। वीर जवानों का शहादत का बदला ले भारत सरकार ये कहना है आज बूजी भवन चौक स्थित कारगिल स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने आये हुए समस्त शहर वासियों का जिन्होंने भाजपा एवं बूजी भवन के व्यपारियों के साथ समस्त शहीदों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाव

भीनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार व्यक्त करते हुए अपने आक्रोश जताया।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए उड़न दस्ता दल गठित

रायगढ़। छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2019 का आयोजन 17 फरवरी रविवार को दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा केन्द्रों के लिए 3 सदस्यीय उडऩ दस्ता दल का गठन किया गया है। उडऩ दस्ता दल परीक्षा केन्द्रों की परीक्षावधि में सतत् निगरानी रखेंगे। उडऩ दस्ता दल 17 फरवरी को जिला कोषालय रायगढ़ से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्रों में पहुचायेंगे एवं परीक्षा उपरांत केन्द्राध्यक्षों से गोपनीय सामग्री (सील्ड) प्राप्त कर जिला कोषालय रायगढ़ में जमा करेंगे।

पीएससी परीक्षा आजः 12 परीक्षा केन्द्रों में 4124 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

रायगढ़। छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग रायपुर द्वारा पीएसी प्रारंभिक परीक्षा-2018 का आयोजन 17 फरवरी 2019 रविवार को रायगढ़ जिले के 12 परीक्षा केन्द्रों में किया जाएगा। जिसमें प्रात- 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जनरल स्टडी एवं अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक ओपटिट्यूड टेस्ट आयोजित की जाएगी। रायगढ़ जिले में कुल 4124 परीक्षार्थी बैठेगे। 12 परीक्षा केन्द्रों में 1501-शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुत्रीशाला कोष्टा पारा पैलेस रोड रायगढ़, 1502-नटवर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायगढ़, 1503-केआईटी गढ़उमरिया उड़ीसा रोड रायगढ़, 1504-कला एवं विज्ञान महाविद्यालय डिग्री कालेज रायगढ़, 1505-शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़, 1506-संस्कार पब्लिक स्कूल कबीर चौक रायगढ़, 1507-कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी रायगढ़, 1508-कार्मेल गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़, 1509-इंडियन स्कूल एसईसीएएल आफिस रोड रायगढ़, 1510-किरोड़ीमल पालीटेक्निक कालेज रायगढ़, 1511-सेठ किरोड़ीमल आदर्श कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल सत्तीगुड़ी चौक रायगढ़ तथा 1512-सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल लक्ष्मीपुर रायगढ़ शामिल है।

परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करके उसका पालन करेंगे। प्रवेश पत्र तथा फोटो पहचान पत्र की मूल प्रति के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

निम्न पहचान पत्र ही मान्य किए जायेंगे। मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाईसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर योजना के तहत आरजीआई द्वारा स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड फोटो सहित, जॉब कार्ड फोटो सहित, राज्य केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, फोटो सहित आदि मान्य है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतत्पर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवोकेट श्री तथागत भौवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता भौवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। तथ्य ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य सघ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ शासकता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित सहायता एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इससे सम्बंधित अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Ayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480